**जाँच प्रतिवेदन**

## जिला–सहरसा, प्रखण्ड–सिमरी बख्तियारपुर, पंचायत–सरोजा

**विषयः–** **परिवाद पत्र के अन्तर्गत अनियमितता के जाँच के संबंध में।**

**प्रसंगः–** ग्रामीण विकास विभाग, पटना का पत्रांक–322593 दिनांक–21.08.2017

### जाँच– दिनांक–21.09.2017

सरोजा पंचायत के आठ ग्रामीणों ने वार्ड सं0–03 एवं 04 में योजना संख्या–01/2017–18, 02/2017–18, 03/2017–18, 04/2017–18 एवं 05/2017–18 में कनीय अभियंता द्वारा लूट को ध्यान में रखकर प्राक्कलन बहुत ही ज्यादा राशि का बनाया गया है, के संबंध में शिकायतकर्त्ता में से एक शिकायतकर्त्ता श्री दिलीप यादव को छोड़कर एवं पदाधिकारीगण और अन्य के उपस्थिति में जाँच की गयी उपस्थित पदाधिकारी एवं अन्य का नाम निम्नलिखित हैः–

(1) श्री अभिषेक आनन्द, कार्यक्रम पदाधिकारी, सिमरी बख्यितारपुर।

(2) मो0 नरुल्लाह, सहायक अभियंता, मनरेगा, सहरसा।

(3) प्रवीण कुमार, कनीय अभियंता, मनरेगा।

(4) धन्नंजय मंडल, तकनीकी सहायक।

(5) अभिमन्यु कुमार, रोजगार सेवक।

(6) ग्रामीण शिकायतकर्त्ता, गौरव कुमार, सौरभ कुमार, सिन्टु कुमार, संजीव कुमार, धीरेन्द्र यादव, योगी यादव, शंभू यादव एवं मुखियापति एवं अन्य ग्रामीण।

जाँच के क्रम में

| योजना की सं० | योजना का नाम | योजना की लंबाई, चौड़ाई और गहराई | प्राक्कलित राशि | व्यय की राशि | जाँच प्रतिवेदन | अभ्युकित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2017-18 | मोहनिया रजक टोला से गलफरिया की ओर जाने वाली सड़क में पी0सी0सी0 की ढलाई कार्य। | लंबाई-600 फीट<br>पी0सी0सी0 की चौड़ाई-09 फीट<br>पी0सी0सी0 की मोटाई-06 इंच | 7,08,500/- | 6,98,072/- | इस योजना में मिट्टी भराई, ईट सोलिंग तथा पी0सी0सी0 का प्राक्कलन है। जाँच के क्रम में लंबाई, चौड़ाई तथा पी0सी0सी0 की मोटाई की जाँच की गयी। पी0सी0सी0 की मुटाई 06 इंच से अधिक ही पाया गया है जो प्राक्कलन में 06 इंच का प्रावधान है। मिट्टी भराई औसतन 03 फीट 06 इंच देने का प्रावधान किया गया है, जिसकी जाँच नहीं की जा सकी, | मनरेगा से चल रही योजना की प्राक्कलन पक्कीकरण को छोड़कर मिट्टी भराई की मात्रा किस स्थान से प्राप्त हो रही है इसका कोई साक्ष्य नहीं मिल पाया। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | क्योंकि कार्य स्थल पर कोई बिटनेस पीलर नहीं था। परन्तु ग्रामीणों से पूछने पर 04 फीट लगभग मिट्टी भरने का सही बताया। पुराने ईट सोलिंग में से 50 प्रतिशत का प्रावधान इस प्राक्कलन में किया गया है जो नियमतः ठीक है। | |
| 02/2017-18 | ग्राम पंचायत-सरोजा के अन्तर्गत मोहनिया जगदेव शर्मा के घर से भूमि सिंह के खेत तक सड़क में मिट्टी भराई एवं ईट सोलिंग कार्य। | लंबाई-650 फीट ईट सोलिंग की चौड़ाई-10 फीट। | 6,28,500/- | 6,24,359/- | इस योजना के प्राक्कलन में 650 फीट की लंबाई में ईट सोलिंग जिसकी चौड़ाई 10 फीट है तथा मिट्टी की भराई 628 फीट से अधिक 510 फीट की दूरी से लायी गयी है तथा 50 प्रतिशत ट्रैक्टर की ढलाई कर प्राक्कलन तैयार की गयी है। जाँच में रोड | कहीं भी साक्ष्य के रुप में कोई भी बिटनेस पीलर अथवा अन्य साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने के कारण मिट्टी भराई की मात्रा की जाँच नहीं की जा सकी। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | की लंबाई तथा ईट सोलिंग की चौड़ाई सही पाया गया परन्तु मिट्टी की मात्रा दूर से अथवा ट्रैक्टर से ढुलाई कर सड़क में मिट्टी दी गयी है इसकी जाँच नहीं हो पायी, क्योंकि यह कार्य बरसात से पूर्व ही हो चुकी है और न कोई साक्ष्य के रुप में कोई बिटनेस तथा पीलर ही दिखाया गया। | |
| 03/2017-18 | ग्राम-सरोजा अन्तर्गत वार्ड नं0-03 में भूमि सिंह के खेत के पास से शिवमंदिर तक सड़क में मिट्टी भराई तथा ईट सोलिंग कार्य। | लंबाई-550 फीट। ईट सोलिंग की चौड़ाई-10 फीट। | 5,33,000/- | 5,10,845/- | इस योजना के प्राक्कलन में सड़क में मिट्टी भराई तथा 10 फीट चौड़ाई में ईट सोलिंग का प्रावधान किया गया है। मिट्टी भराई की मात्रा 68,815 सी0एफ0टी0 है, जिसमें आधी मिट्टी | शिकायतकर्त्ता आठ में से 01 उपलब्ध नहीं रहने के कारण अन्य 08 शिकायतकर्त्ता से इस संबंध में पूछताछ की गयी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 34412.12 सी0एफ0टी0 ट्रैक्टर से ढुलाई कर तथा आधी मिट्टी ढुलाई कर बनायी गयी है। जाँच के क्रम में सड़क की लंबाई 551 फीट तथा चौड़ाई 10 फीट में ईंट सोलिंग पाया गया। मिट्टी भराई की मात्रा की जाँच नहीं हो पायी, क्योंकि साक्ष्य नहीं था। ये भी योजना बरसात से पूर्व ही हो चुकी थी। | तो उनलोगों ने आरोप मेरे द्वारा नहीं लगायी गयी है तथा मेरा हस्ताक्षर नहीं है। ऐसा कहा तथा अपना लिखित बयान दिया।<br>श्री दिलीप यादव जो मुख्य आपत्तिकर्त्ता है, वह अपराधी प्रवृति का है दो दिन पहले भी उसके द्वारा गोली चलायी गयी थी, जो पुलिस के डर से भागा हुआ है। उसके पिता द्वारा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | बताया गया कि वह अभी अन्यत्र रह रहा है। दोनों के बीच आपसी प्रतिद्वंदिता है। |
| 04/2017-18 | ग्राम पंचायत-सरोजा के अन्तर्गत मोहनियां मदन पंडित के घर से रजक टोला तक सड़क में पी0सी0सी0 कार्य। | लंबाई-830 फीट पी0सी0सी0 की चौड़ाई-10 फीट। तथा मोटाई 06 ईंच | 9,71,500/- | 9,62,029/- | इस योजना के प्राक्कलन में 830 फीट की लंबाई में मिट्टी भराई तथा 10 फीट की चौड़ाई में ईंट सोलिंग के साथ 06 ईंच मोटाई में पी0सी0सी0 करने का प्रावधान किया गया है। जाँच के क्रम में लंबाई, चौड़ाई तथा पी0सी0सी0 मोटाई प्राक्कलन के अनुरूप सही पाया गया। परन्तु सड़क में मिट्टी की भराई की मात्रा कहाँ से लायी गयी है इसकी | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | जाँच नहीं हो पायी क्योंकि यह बरसात के पूर्व हो चुका था। ईट सोलिंग की मात्रा 24410 आती है जिसमें पुराना ईट सोलिंग 50 प्रतिशत प्राक्कलन में प्रावधान किया गया है। | |

<u>मंतव्य</u>

(1) दलित एवं महिला मुखिया होने के फलस्वरुप राजनीतिक स्वार्थ और वर्चस्व के कारण श्री दिलीप यादव द्वारा आरोप लगाया गया है, ऐसा प्रतीत होता है।

(2) कनीय अभियंता द्वारा लूट खसोट की मंशा से प्राक्कलन अधिक नहीं बनाया हुआ प्रतीत होता है। चूँकि गाँव के अंदर सड़क में मिट्टी भराई का है। अतः ट्रैक्टर से ढुलाई कर तथा दूर से मिट्टी लायी गयी है।

(3) सड़क की लंबाई/ ईट सोलिंग की चौड़ाई तथा पी0सी0सी0 की मोटाई प्राक्कलन के अनुरुप ही बनाया गया है। गुणवत्ता की जाँच संभव नहीं है, परन्तु पी0सी0सी0 रोड एवं ईट सोलिंग के रोड को देखने से अच्छी तथा मजबूत दिखाई देता है। इस प्रकार कनीय अभियंता द्वारा प्राक्कलन कम चौड़ाई तथा मोटाई में प्राक्कलन के अनुरुप ही लंबाई, चौड़ाई तथा मोटाई से कार्य कराया गया है। इसमें कोई अनियमितता नहीं की गयी है।

(4) स्थल, प्राक्कलन, मापीपुस्त में कोई भिन्नता प्रतीत नहीं होता है।

(5) आठ शिकायतकर्त्ता में सात शिकायतकर्त्ता अपना फर्जी हस्ताक्षर करने का लिखित बयान दिया है जो संलग्न है।

(6) शिकायतकर्त्ता द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है।

**<u>अनुलग्नक–</u>**

1. जॉंच के समय उपस्थित शिकायतकर्त्ता एवं अन्य ग्रामीण का फोटो।
2. सात शिकायतकर्त्ता का बयान।
3. जॉंच के समय मापी लेते हुए फोटोग्राफ।

**(दीनदयाल तिवारी)**
SQM

09-10-17
**(सीता चौधरी)**
SQM

आज दिनांक 20.09.17 को SQM महोदय के स्थलीय निरीक्षण के दौरान हमलोग ग्राम पंचायत सरौंजा, प्रखण्ड - सिमरीबख्तियारपुर में उपस्थित हैं जाँच के क्रम में हमें पता चला कि हमलोगों के हस्ताक्षर से मनरेगा योजना में लूट, धांधली एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग का आवेदन दिया गया है। सम्बंधित आवेदन पर हमारा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। हमें इन योजनाओं से कोई शिकायत नहीं है। इन योजनाओं का क्रियान्वयन हम ग्रामीणों की उपस्थिति में गुणवत्ता पूर्वक किया गया है।

गौरव कुमार

सौरव कुमार

पिन्टु कुमार

संजीव कुमार

जोगी यादव

धीरेन्दर यादव

शम्भू यादव